



# द बिशप्स को-एड. स्कूल, उंड्री

## प्रथम सत्र और द्वितीय सत्र

### अंतर सदनीय हिंदी काव्यवाचन प्रतियोगिता

**“विविधताओं से भरे इस देश में लगी भाषाओं की फुलवारी है,**

**इनमें हमको सबसे प्यारी हिंदी मातृभाषा हमारी है।”**

हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमारा कर्तव्य बनता है कि हम इसे अच्छी तरह से बोलना जाने। वाचन कौशल को निखारने के लिए, बच्चों का आत्मविश्वास तथा मातृभाषा के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी पखवाडा के अंतर्गत ‘द बिशप्स को-एड. स्कूल , उंड्री’ द्वारा कक्षा पहली से पाँचवी तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय हिंदी काव्यवाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को उत्साहपूर्वक कई विषयों पर अपने विचारों को दर्शाने का सुअवसर मिला। । कुछ बच्चों ने समसामयिक विषयों को उभारा जैसे बेटी का महत्त्व, अगर पेड़ भी चलते होते, लड़कों की जिंदगी उतनी आसान नहीं होती, गुरूत्वबल, चतुर चित्रकार, मैंने देखा था एक सपना, पर सुंदर वाचन कौशल का उदाहरण दिया । बच्चों को उनके उच्चारण, हावभाव, कविता का विषय तथा अनुतान पर परखा गया। सभी बच्चे कविता वाचन प्रतियोगिता के लिए उत्साहित दिखाई दिए एवं सभी प्रतियोगियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।

पहली और दूसरी कक्षा की प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रार्थना द्वारा हमारी माननीय समन्वयिका श्रीमती एम. पिल्लई जी ने किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायकगण श्रीमती सुनीता मित्तल और श्रीमती सरिता सिंह बनीं।

प्रथम सत्र की कक्षा तीसरी से पाँचवी की कविता वाचन प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रार्थना से हमारे समन्वयक श्रीमान फ्रांसिस जी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायकगण श्रीमती सीमा पांडे और श्रीमती सुनीता लिटिलवुड बनीं।

द्वितीय सत्र की कक्षा तीसरी से पाँचवी की कविता वाचन प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रार्थना से हमारी माननीय समन्वयिका श्रीमती एम. मैरिएन जी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायकगण श्रीमती सपना गुंड्डू और श्रीमान एस. के. सिंह बनें।

प्रथम सत्र और द्वितीय सत्र की कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के काव्यवाचन प्रतियोगिता का आयोजन 21 सितंबर, 2023 तथा प्रथम सत्र और द्वितीय सत्र के कक्षा पहली से दूसरी तक का आयोजन 22 सितंबर, 2023 को किया गया। प्रथम सत्र और द्वितीय सत्र की कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के छात्रों ने कार्यक्रम का अहम भाग विद्यार्थियों द्वारा ही संचालित किया ताकि उनके वाक् कौशल का सजृन हो।

बच्चों को कार्यक्रम के बीच में समय-समय पर अच्छी ज्ञानवर्धक जानकारी भी अध्यापिकाओं द्वारा दी गई। जैसे- रोड़ के नियम, मिशन चंद्रयान-3, एकता में बल तथा बच्चों को द बिशप्स को-एड् स्कूल, उंड्री का अब तक का यानि 2006 से 2023 तक के सफ़र की झलक दिखाई गई।

प्रत्येक प्रतियोगी ने उत्साहपूर्वक प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। निर्णायक गणों ने छात्रों का जोश तथा उत्साह देखकर उन्हें अपने अनमोल विचारों से सराहा। कार्यक्रम के अंत में हमारी मुख्याध्यापिका श्रीमती फर्नांडिस जी द्वारा सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए परिणामों की घोषणा की गई।

अंत में माननीय प्रधानाचार्य, माननीय मुख्याध्यापक , माननीय मुख्यअध्यापिका, सभी गणमान्य निर्णायकगण, समन्वयक और समन्वयिका, शिक्षकगण, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों को कक्षा दूसरी से मानवी राजन ने एवं प्रथम सत्र में कक्षा पाँचवीं से तनय वैद्य और द्वितीय सत्र में कक्षा पाँचवीं से पराक्रम गौर ने आभार व्यक्त किया ।

## ➢ प्रतियोगिता का परिणाम निम्नवत् रहा-

### प्रथम सत्र - कक्षा पहली और दूसरी की प्रतियोगिता का परिणाम

<u>विजयी वक्ता-</u>

| कक्षा | विजेता का नाम | सदन |
|---|---|---|
| पहली | कियारा पॉल | यंग |
| दूसरी | साहित्या धाकड़ | ओ'कॉनर |

### द्वितीय सत्र - कक्षा पहली और दूसरी की प्रतियोगिता का परिणाम

<u>विजयी वक्ता-</u>

| कक्षा | विजेता का नाम | सदन |
|---|---|---|
| पहली | अयाना महापात्रा | विंटल |
| दूसरी | शांभवी चौबे | ओ'कॉनर |

## सदनीय परिणाम –

| सदन | स्थान |
|---|---|
| ओ'कॉनर | प्रथम |
| विंटल | द्वितीय |
| यंग | तृतीय |
| रे | चतुर्थ |

## प्रथम सत्र के कक्षा तीसरी से पाँचवी की प्रतियोगिता का परिणाम

विजयी वक्ता-

| कक्षा | विजेता का नाम | सदन |
|---|---|---|
| तीसरी | प्रिशा मोटवानी | यंग |
| चौथी | गौरी महेसरे | ओ'कॉनर |
| पाँचवी | अन्वेषा पांडा | ओ'कॉनर |

## सदनीय परिणाम –

| सदन | स्थान |
|---|---|
| ओ'कॉनर | प्रथम |
| यंग | द्वितीय |
| विंटल | तृतीय |
| रे | चतुर्थ |

# द्वितीय सत्र के कक्षा तीसरी से पाँचवी की प्रतियोगिता का परिणाम

<u>विजयी वक्ता-</u>

| कक्षा | विजेता का नाम | सदन |
|---|---|---|
| तीसरी | कविश शाह | विंटल |
| चौथी | ध्रुवी मिरानी | विंटल |
| पाँचवी | अरहान ज़ैदान | ओ'कॉनर |

## सदनीय परिणाम –

| सदन | स्थान |
|---|---|
| विंटल | प्रथम |
| ओ'कॉनर | द्वितीय |
| यंग | तृतीय |
| रे | चतुर्थ |















हेमलता सोम